

# विंध्य में नवंबर के पहले पखवाड़े में कड़ाके की ठंड

## रिकॉर्ड तोड़ते हुए सामान्य से 4 .5-5 डिग्री नीचे गिरा पारा

**नवभारत न्यूज**

**सतना 10 नवंबर. इस बार के मौसम में एक ओर जहां समय से पहले सक्रिय हुए मानसून ने काफी समय तक सराबोर किए रखा था वहीं दूसरी ओर अब समय से पहले शुरु हुई कड़ाके की ठंड ने भी आगाज कर दिया है कि इस बार लोगों को लंबे समय तक हाड़ कंपाऊ जाड़े का सामना करना पड़ेगा. आलम यह है कि नवंबर के पहले पखवाड़े में ही पारे में 4.5 से लेकर 5 डिग्री की रिकार्ड तोड़ गिरावट देखने को मिल रही है.**

मौसम कार्यालय सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. सोमवार को दिन के पारे में भले ही पिछले 24 घंटे के भीतर महज 0.2 डिग्री की कमी ही देखी जा रही हो. लेकिन सामान्य की तुलना में यह 2.5 डिग्री सेल्सियस कम आंका गया. लेकिन मौसम का यह रुख दिन के बजाए रात में कहीं अधिक असरकारक नजर आ रहा है. सोमवार को शहर में न्यूनतम तापमान गिरते हुए 11.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. रात के



इस पारे में पिछले 24 घंटे में भले ही महज 0.6 डिग्री सेल्सियस की कमी देखने को मिली हो. लेकिन यदि सामान्य से तुलना की जाए तो सोमवार को न्यूनतम तापमान सामान्य की तुलना में 4.7 डिग्री सेल्सियस नीचे आंका गया. इस लिहाज से देखा जाए तो नवंबर के पहले पखवाड़े में पड़ रही ठंड ने दशक से अधिक अवधि का रिकार्ड तोड़ता नजर आ रहा है.

### विंध्य में रीवा सबसे ठंडा

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार मौसम के रुख का सबसे अधिक असर रीवा में देखने को मिल रहा है जहां पर सोमवार को न्यूनतम तापमान गिरते हुए 9 .1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया. सामान्य की तुलना में यह गिरावट 6 .1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गई. जबकि सीधी में न्यूनतम तापमान 11 .4 डिग्री सेल्सियस आंका गया. गौरतलब है कि सीधी में न्यूनतम तापमान में समान्य की तुलना में जहां 4 .5 डिग्री सेल्सियस की कमी देखने को मिली. वहीं दिन का अधिकतम तापमान सामान्य की तुलना में 5 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया.


# कार में मिली 212 शीशी प्रतिबंधित नशीली दवा

## तस्करी के आरोप में 2 युवक गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना 10 नवंबर. आईजी रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत मैहर जिले की देहात थाना पुलिस ने मेडिकल नशे की तस्करी कर रहे 2 युवकों को दबोच लिया. कार सवार युवकों के पास से पुलिस को प्रतिबंधित और नशे में इस्तेमाल होने वाली कफ सीरप 212 शीशियां मिलीं. जिसके आधार पर नशे की खेप को जब्त करने के साथ ही आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया गया.**

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार देहात थाना पुलिस को कार के जरिए मेडिकल नशे की तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी. मामले की गंभीरता के मद्देनजर देहात थाना प्रभारी रेनू मिश्रा ने फौरन टीम गठित करते हुए मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दी. पुलिस टीम ने ग्राम कटिया के पास घेराबंदी करते हुए वहां से होकर गुजरने वाले वाहनों की जांच शुरु कर दी. इसी दौरान एक सफेद रंग की सेलेरियो कार क्रमांक एमपी 19 जेडएम 0995 अमरपाटन से नादन की आती दिखाई दी. जिसे



रोककर जांच की जाने लगी. कार में दो युवक बैठे नजर आए. पूछताछ किए जाने पर दोनों युवकों की पहचान गजेंद्र सिंह सिंगरौल पिता रामप्रकाश उम्र 26 वर्ष निवासी डिठौरा ताला और शाश्वत सिंह पटेल पिता सोम नारायण उम्र 22 वर्ष निवासी अमरपाटन वार्ड 1 के तौर पर हुई. इसी कड़ी में पुलिसस ने जब वाहन की जांच शुरु की तो बीच वाली सीट पर एक सफेद रंग की तांत वाली बोरी रखी दिखाई दी. जिसे खोलकर देखने पर उसमें 212 शीशी प्रतिबंधित ऑनरेक्स कफ सीरप रखी मिली. इस संबंध में किसी तरह के दस्तावेज नहीं पाए जाने पर पुलिस ने एनडीपीएस और ड्रग कंट्रोल एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया.

# पुलिस ने पकड़ा 29 लाख का गांजा, तस्कर फरार

## आठ बोरियों में रखे हुए थे 1-1 किलो के टेप लगे पैकेट

**नवभारत न्यूज**

**सतना 10 नवंबर. पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत द्वारा नशे के विरुद्ध छेड़े गए अभियान ऑपरेशन प्रहार 2.0 के अंतर्गत सिविल लाइन पुलिस को 1.45 क्विंटल गांजा पकड़ने में सफलता मिली. हलांकि गांजे की बड़ी खेप लेकर आ रहे तस्कर भागने निकलने में सफल रहे. जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है.**

सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि गांजे की एक बड़ी खेप लाई जा रही है. मामले की गंभीरता को देखते हुए फौरन ही पुलिस टीम गठित करते हुए बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दी गई. इसी दौरान देर रात एक इनोवा वाहन क्रमांक एमपी 19 सीए 2023 मैहर बाईपास से सतना की ओर आता दिखाई दिया. थाना में की गई घेराबंदी के चलते वाहन को जांच के लिए रोक लिया गया. लेकिन इस दौरान अंधेरा होने के कारण वाहन में सवार सभी आरोपी मौके से भाग निकलने में सफल हो गए. पुलिस ने जब निकट पहुंचकर वाहन



की जांच शुरु की तो अंदर कुल 8 बारियां रखी नजर आईं. जिन्हें खोलकर देखने पर उनमें 1-1 किलो के टेप लगे पैकटों में गांजा भर पाया गया. इस प्रकार वाहन में रखे कुल गांजे की मात्रा 1 क्विंटल 45 लाख रु पाई गई. जिसकी कीमत 29 लाख रु आंकी गई. जिसे देखते हुए पुलिस ने 1.45 क्विंटल गांजा और घटना में प्रयुक्त कार को जब्त कर लिया और आरोपी महेश दाहिया सहित उसके दो अन्य साथियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.

### गांजे के साथ 2 महिलाएं गिरफ्तार

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नागौद पुलिस की टीम श्यामनगर पहुंची. जहां पर श्रीमती सियाबाई कुशवाहा पति दिनेश उम्र 35 वर्ष के घर के निकट गांजे के दो हरे पड़े जब्त किए गए. जिनका वजन 3 किलो 150 ग्राम निकला और कीमत 45 हजार रु आंकी गई. इसी कड़ी में धारकुण्डी पुलिस ने ग्राम बिटमा मोड़ के पास दबिश देते हुए श्रीमती सोनू कोल पति कमलेश उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम विजयपुर को पकड़ा. जिसके पास से 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ. जब्त गांजे की कीमत 4 हजार रु आंकी गई.

# भागलपुर से उधना के लिए अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 नवम्बर। रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु एवं उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से स्पेशल ट्रेनें चलाई जाती है।**

इसी की में गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर जंक्शन से उधना के लिए एक तरफा 01 ट्रिप के लिए दिनांक 12 नवम्बर 2025 को अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन पूर्व रेलवे से प्रारम्भ होकर पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों से होकर गुजरेगी। यह स्पेशल ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे स्टेशनों पर गाड़ी संख्या 03415 भागलपुर जंक्शन से उधना अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 12 नवम्बर 2025 को भागलपुर जंक्शन स्टेशन से प्रात: 05.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 23.35 बजे सतना, मध्यरात्रि 00.55 बजे कटनी, 02.15 बजे जबलपुर, 04.25 बजे पिपरिया, 06.15 बजे इटारसी एवं 07.12 बजे हरदा स्टेशनों पर ठहरते हुए 13 नवम्बर 2025 को अपराह्न 18.00 बजे उधना पहुंचेगी।यह गाड़ी रास्ते में सुल्तानगंज, बरियारपुर, जमालपुर, अभयपुर, कजरा, किऊल जंक्शन, लक्खीसराय जंक्शन, बड़हिया, मोकामा, बाड़, बख्तियारपुर, खुसरुपुर, फतुहा जंक्शन, पटना साहिब, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, डुमराव, बक्सर, दिलदारनगर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खण्डवा, भुसावल, अमलनेर, डोंडाइचा, नंदुरबार, व्यारा एवं चलथान स्टेशनों पर रुकेगी।

# ठंड बढ़ी, चोरों की धमाचौकड़ी का नजारा विराट नगर में दिखा

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र में चोरी की बड़ी वारदात टली, मोहल्लेवासियों में दहशत का माहौल

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 नवम्बर. केजेएस के जनसंपर्क अधिकारी निरंजन शर्मा के विराट नगर स्थित मकान में बीती रात्रि के तीसरे पहर 3 बजे पांच संदिग्ध चोरों - अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया।**



रात में 5-7 मिनट की उनकी गतिविधियां घर में लगे सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई हैं हालांकि चोरों ने आते ही सीसीटीवी के एक कैमरे का रुख मोड़ कर ऊपर की तरफ कर दिया था लेकिन अन्य कैमरों में उनकी हरकतें कैद हो गई। विराटनगर में अगल-बगल एक दूसरे से जुड़े निरंजन शर्मा के दो मकान हैं जिसमें नए मकान की खिड़की से दो व्यक्ति भीतर घुसे और तीन पोर्च में खड़े रहे । निरंजन शर्मा अपने एक बेटे के साथ सपरिवार बगल के पुराने मकान में सो रहे थे जबकि बड़ा बेटा सपरिवार बगल के घर के एक कमरे में सो रहा था। घर में लैब्राडोर कुत्ता भी है लेकिन इन सब को बगल के घर में हुए चोरों के धावे का पता नहीं चला। सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परिहार से मुलाकात कर निरंजन शर्मा ने इस घटना की जानकारी दी और यथोचित सुरक्षा उपाय करने का आग्रह किया। उल्लेखनीय है कि विराटनगर में कुछ दिनों से रात्रि कालीन संदिग्ध बदमाशों की हरकतें बढ़ती जा रही हैं।

# केन्द्रीय जेल में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 नवम्बर. केन्द्रीय जेल सतना में पार्थशंकर मिश्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना के आतिथ्य में जिला विधिक सहायता अधिकारी मुहम्मद जीलानी की उपस्थिति एवं श्रीमती लीना कोष्टा के समन्वय में सोमवार को न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह ( दिनांक 09 नवम्बर 2025 से दिनांक 14 नवम्बर 2025 ) का आयोजन किया गया।**




इस विधिक जागरूकता - साक्षरता शिविर कार्यक्रम में लीगल डिफेंस कौंसिल चीफ ब्रजेन्द्र सिंह राजपूत, डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस कौंसिल रमाकान्त पाण्डेय, डिप्टी चीफ लीगल डिफेंस कौंसिल रमाकान्त त्रिपाठी, सहायक चीफ लीगल डिफेंस कौंसिल जयवर्धन द्विवेदी, सहायक चीफ लीगल डिफेंस कौंसिल श्रीमती शोभा द्विवेदी, वरिष्ठ अधिवक्ता अम्बरीश शर्मा, रामाकृष्णा विधि महाविद्यालय के इंटर्नशिप प्राप्त कर रहे विधि छात्रों व हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के शोधार्थी चंद्रपाल यादव की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता हेतु जागरूक किया गया। समाज में अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचे। न्याय सबके लिये है। विधिक साक्षरता प्राधिकरण द्वारा कमजोर वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता/अधिवक्ता प्रदाय किया जाता है। इस अवसर पर बंदियों द्वारा देश भक्ति गीत भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का समापन जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीमती लीना कोष्टा जेल अधीक्षक, श्रीकांत त्रिपाठी जेल उप अधीक्षक, सोनवीर सिंह कुशवाह जेल उप अधीक्षक, अनिरूद्ध कुमार तिवारी कल्याण अधिकारी, अभिमन्यु पाण्डेय सहायक जेल अधीक्षक, फिरोजा खातून अष्टकोण अधिकारी, अनिल प्रताप सिंह सहायक जेल अधीक्षक, जेल स्टॉफ व बंदीगण उपस्थित रहे।




# एकेएस विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की उल्लेखनीय उपलब्धि

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 नवम्बर. ए.के.एस. विश्वविद्यालय, सतना के भौतिकी विभाग के शोधार्थी स्वप्निल गर्ग तथा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. ओ. पी. त्रिपाठी और डॉ. साकेत कुमार ने एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक उपलब्धि अर्जित की है।**

हाल ही में इनका शोध पत्र सौर धब्बों की संख्या तथा सौर रेडियो प्रवाह का भू-चुम्बकीय तूफ़ान गतिविधि पर प्रभाव "सौर चक्र चौबीस एवं पच्चीस के दौरान प्रतिष्ठित भारतीय भौतिकी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है, जिसका प्रकाशन वैज्ञानिक



तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा किया जाता है। इस शोध में सौर गतिविधियों और पृथ्वी के चुम्बकीय क्षेत्र के पारस्परिक संबंधों का विस्तृत अध्ययन किया गया है। इसमें यह दर्शाया गया है कि सौर धब्बों की संख्या और सौर विकिरण में होने वाले उतार-चढ़ाव किस प्रकार भू-चुम्बकीय तूफ़ानों को प्रभावित करते हैं।

# सफलता पर गद्‍गद गुरु पहुंचे आशीर्वाद देने

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 10 नवम्बर. म.प्र. सिविल सेवा परीक्षा 2025 मे बिरसिंहपुर कस्बे की विजय कुमार अग्रवाल की बेटी कु. प्रिया अग्रवाल ने प्रदेश मे छठवाँ स्थान हासिल कर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया ।**

भगवान गैबीनाथ के दर्शन उपरांत उसके घर पहुंच कर बधाई एवं अग्रिम उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रषित की । बिटिया की इस विशेष उपलब्धि पर पूरा घर



और परिवार अत्यंत आल्हादित दिखा । भावविभोर माता - पिता और तीनों भाइयों की खुशी का परम उनकी आँखों की चमक और नि:शब्द भाव संप्रेषण से समझा जा सकता था । मेरे साथ सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा अंजनी कुमार त्रिपाठी जी भी साथ थे ।

# शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैरियर मेला का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**सतना,10 नवम्बर. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सतना में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक दिवसीय कैरियर अवसर मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ।**

कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. सी. राय के संरक्षण एवं प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. पुष्पराज सिंह के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ। प्राचार्य महोदय ने मेले में स्थापित विभिन्न कंपनियों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों



को रोजगार एवं करियर निर्माण के अवसरों का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया तथा अपने शुभाशीष प्रदान किए। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. आर. एस. गुप्ता ने रोजगारोन्मुखी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कंपनियों से आए एच.आर. प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने जिले के अनेक महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों को कैरियर मेला जैसे आयोजनों से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया।

इस एक दिवसीय मेले में 25 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर रोजगार चयन प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता निभाई।स्वामी विवेकानन्द कैरियर प्रकोष्ठ संयोजक डॉ पुष्पराज सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को रोजगार के नए अवसरों की जानकारी प्राप्त होती है तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनका योगदान सुनिश्चित होता है।